an>

Title: Need to restart the trains from and to Misrikh in Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के अन्तर्गत दो रेलगाड़ियां 54321 व 54322 तथा 54325 व 54326 का संचालन पिछले कुछ वÂर्षों से चल रहा था। ये ट्रेनें बहुत समय से चल रही थीं, परन्तु 29 तारीख से ये दोनों ट्रेनें बन्द कर दी गई हैं, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने और सर्विस करने वालों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है। चूंकि मिश्रिख एक तीर्थस्थल है, इसलिए वहां आने-जाने के लिए पर्यटकों को भी भारी कठिनाई हो रही है। मिश्रिख के लिए यही दोनों ट्रेनें आने-जाने के लिए मुख्य साधन हैं और अचानक दोनों ट्रेनों को बन्द करने से वहां के लोगों में बहुत आक्रोश है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि इन दोनों ट्रेनों को पुनः चलाया जाए। समय देने के लिए आपका धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरोंप्रसाद मिश्र को श्रीमती अंजू बाला द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.04 hours

The Lok Sabha re-assembled at Four Minutes past Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)